# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 21.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **माइनिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए झारखंड सरकार की पहल, कोयला खदानों में घूम सकेंगे पर्यटक, सीसीएल के साथ हुआ एमओयू, पर्यटन को मिलेगा नया आयाम।**
2. **बाबूलाल मरांडी ने की सिमडेगा में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग, मुख्यमंत्री का उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को निर्देश–आरोपियों को अविलंब करें गिरफ्तार।**
3. **मुख्य सचिव ने बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न मामलों को लेकर सेल चेयरमैन के साथ की बैठक, कहा–स्थानीय लोगों की भावनाओं का ख्याल रखे सेल बोकारो।**
4. **सावन की दूसरी सोमवारी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, राज्य के शिवालयों में दिखी भक्तों की कतार, बोल बम के जयघोष से गूंजी बाबा नगरी।**
5. **राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में दोपहर बाद झमाझम बारिश से निचले इलाकों में जलजमाव की स्थिति, 23 और 24 जुलाई को राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश के आसार।**

******************

राज्य में माइनिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पहल की गई है। इसे लेकर पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार की उपस्थिति में आज झारखंड पर्यटन विकास निगम और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने बताया कि राज्य सरकार सीसीएल के साथ मिलकर सर्किट के तहत पर्यटन को बढ़ावा देगी। इसके तहत कायाकल्प वाटिका, नॉर्थ उरीमारी सेक्टर, और पतरातु वैली समेत अन्य कुछ स्थलों को सीसीएल की ओर से सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

इस मौके पर सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह समेत कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

******************

सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में नाबालिग के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के बाद राजनीति गरमा गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि इस घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक मासूम बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाए जाने की घटना अति निंदनीय है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलाने की मांग की है।

******************

सिमडेगा की घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ऐसी घटनाएं बिल्कुल बर्दास्त के काबिल नहीं है। मुख्यमंत्री ने सिमडेगा के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार करने और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। श्री सोरेन ने पीड़िता और उसके परिजनों की सुरक्षा के साथ ही उन्हें सहायता उपलब्ध कराने की भी हिदायत दी है।

******************

कृषि विभाग की ओर से आज रांची में राज्य स्तरीय खरीफ फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृषि विशेषज्ञों ने प्रगतिशील किसानों को बेहतर पैदावार के टिप्स दिए, ताकि उनकी आमदनी बढ़ सके। इस दौरान बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस सी दुबे ने बताया कि इस वर्ष मॉनसून की अच्छी बारिश हुई है, ऐसे में किसान खरीफ फसल की बेहतर पैदावार से अपनी आमदनी को बढ़ा सकते हैं।

******************

राज्य के मुख्यनिर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने आज सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी न पड़े, इसका ख्याल रखें। साथ ही एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक न हो।

*****************

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आज रांची में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न मामलों को लेकर सेल के चेयरमैन के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सेल बोकारो स्थानीय लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखे। मुख्य सचिव ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट जिन्हें प्रशिक्षित करे, उन्हें उनकी योग्यतानुसार रोजगार के अवसर भी मुहैय्या कराये।

*****************

सावन के पावन महीने की दूसरी सोमवारी पर राज्यभर के शिवालयों में सवेरे से ही भक्त भगवान शिव की आराधना करते नज़र आए। देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा वैद्यनाथ धाम और दुमका स्थित बाबा बासुकीनाथ धाम में आस्था का सैलाब दिखा और बोलबम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। वहीं, खूंटी के बाबा आम्रेश्वरधाम में भी जलार्पण के लिए दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। राजधानी रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में भी आज दिनभर धर्म और अध्यात्म की बयार बहती रही।

*****************

सुरक्षित रेल परिचालन को लेकर कोडरमा में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर रेल परिचालन के साथ–साथ यात्रियों की सुरक्षा पर रणनीति तैयार की गई। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता––

****************

जमशेदपुर वन प्रमंडल ने दलमा रेंज में ड्रोन की मदद से बांस के पौधे लगाने की अनोखी पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य हाथियों को जंगल में ही पर्याप्त चारा उपलब्ध कराना है। डीएफओ सब्बा आलम ने बताया कि ड्रोन के जरिए पांच लाख सीड बॉल पहाड़ों पर गिराए जाएंगे, ताकि दुर्गम क्षेत्रों में भी बांस का रोपण हो सके।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज दोपहर बाद मूसलाधार बारिश हुई। इससे निचले इलाकों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। राज्य के कई हिस्सों में सताईस जुलाई तक भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

**************